प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 21.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दावोस में सीआईआई द्वारा आयोजित उच्चस्तरीय राउंडटेबल बैठक में लिया हिस्सा, झारखण्ड के सतत और समावेशी विकास का दृष्टिकोण किया प्रस्तुत।
2. पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने लंदन यात्रा के दौरान म्यूज़ियम ऑफ़ लंदन आर्कियोलॉजी के साथ की बैठक, राज्य के प्राचीन मेगालिथ और मोनोलिथ स्थलों के संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन पर की चर्चा।
3. सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम निर्देश, राज्य सरकार की जांच एजेंसी भी केंद्रीय कर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार मामलों की कर सकती है जांच।
4. एसीबी ने निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे से जुड़े मामले में रांची के अशोक नगर स्थित निजी होमियोपैथिक क्लिनिक में की छापेमारी, कई दस्तावेज जब्त।
5. वियतनाम में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में रांची के नामकुम की पूनम मिश्रा बनी चैंपियन, श्रीलंका और चीन को हराकर जीता दो गोल्ड मेडल।

********************

दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान सीआईआई द्वारा आयोजित उच्चस्तरीय राउंडटेबल बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड के सतत और समावेशी विकास का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड केवल खनिजों और प्राकृतिक संसाधनों का निर्यातक राज्य नहीं बनना चाहता, बल्कि मूल्य संवर्धन, टिकाऊ औद्योगिकीकरण और जन–केंद्रित विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।

********************

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने झारखंड के महिला–केंद्रित विकास विजन को वैश्विक मंच पर साझा किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास मॉडल आदिवासी–स्वदेशी मूल्यों पर आधारित है, जहाँ जल–जंगल–जमीन के संरक्षण के साथ महिलाओं के अदृश्य श्रम, गरिमा और अवसरों को प्राथमिकता दी जाती है। श्रीमती सोरेन ने जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को रेखांकित किया।

********************

लंदन यात्रा के दौरान राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने म्यूज़ियम ऑफ़ लंदन आर्कियोलॉजी के साथ राज्य के प्राचीन मेगालिथ और मोनोलिथ स्थलों के संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। इन प्रयासों का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता के साथ ठोस कार्ययोजना तैयार कर झारखण्ड की प्राचीन विरासत को यूनेस्को विश्व धरोहर के रूप में वैश्विक पहचान दिलाना है।

********************

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि राज्य सरकार की जांच एजेंसी भी केंद्रीय कर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार मामलों की जांच कर सकती है। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इन मामलों में मुकदमा दर्ज करने से पहले राज्य जांच एजेंसी को सीबीआई से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है। जस्टिस जेबी पारदीवाला तथा सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार जांच एजेंसियों द्वारा दाखिल चार्जशीट को सीबीआई की मंजूरी नहीं होने के कारण अमान्य नहीं ठहरा सकते।

********************

झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक रौशन ने रामगढ़ व्यवहार न्यायालय का कल निरीक्षण किया। साथ ही व्यवहार न्यायालय में लंबित मामलों की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर जल्द समाधान का आदेश दिया है।

********************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वरयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्व्पूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त्‍ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम कोयला मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं। एक रिपोर्ट–

********************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे से जुड़े मामले में कल अशोक नगर स्थित निजी होमियोपैथिक क्लिनिक में छापेमारी की। एसीबी के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस दौरान टीम ने क्लिनिक से जुड़े कागजातों की जांच की और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। यह होमियोपैथिक क्लिनिक विनय चौबे के रिश्तेदार शिपिज त्रिवेदी की है। लेकिन इसे उनकी पत्नी प्रियंका त्रिवेदी चलाती हैं।

********************

लातेहार जिला वन विभाग की टीम ने वन्यजीव के अंगों की तस्करी के मामले में एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से करीब 2 किलो प्रतिबंधित पैंगोलिन (वज्र कीट) की खाल बरामद की गई है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में आज मौसम साफ होने की संभावना व्यक्त की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 32 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 8 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट हो सकती है।

********************

अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- कोडरमा के झुमरी तिलैया में श्याम भजनों के गायक कन्हैया मित्तल ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। झूमरी तिलैया के ब्लॉक के मैदान में उन्हें देखने और सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिला–पुरुष के अलावे श्याम भक्त शामिल हुए।
- जामताड़ा उपायुक्त कार्यालय में कल जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में उपायुक्त रवि आनंद ने 35 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी और उसका त्वरित निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

********************

वियतनाम में आयोजित पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रांची की पूनम मिश्रा ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 380 किलोग्राम वजन उठाया और विश्व चैंपियन बनीं। इस वर्ग में चीन की खिलाड़ी दूसरे और श्रीलंका की खिलाड़ी तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान उन्होंने वर्ल्ड्स स्ट्रॉन्गेस्ट वुमेन का खिताब भी अपने नाम किया। पूनम मिश्रा ने बताया है कि आगे भी उनका लक्ष्य है कि देश के लिए मेडल लेकर आए।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने राज्यपाल द्वारा झारखंड कोचिंग सेंटर विधेयक 2025 को मंजूरी दिए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा– कोचिंग संस्थानों को फीस, नामांकन व सुविधाओं की देनी होगी जानकारी।

दैनिक भास्कर, हिन्दुस्तान और रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री के दावोस यात्रा के दौरान की गई बैठकों को अपनी सुर्खी बनाई है।

********समाप्त************